>

Title: Need to provide basic amenities at Railway Stations in Satna Parliamentary constituency.

श्री गणेश सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदया, बहुत दिनों के बाद मेरा नम्बर लगा है, इसके लिये मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी बात रखने का अवसर दिया। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार और विशेÂा रूप से रेल मंत्रालय का ध्यान सतना लोकसभा क्षेत्र, जो मेरा निर्वाचन क्षेत्र है जहां विगत 17 अप्रेल से लगातार अनिश्चितकालीन धरना और सत्याग्रह जिसे मैंने खुद दिनभर बैठकर पारम्भ किया था, की ओर दिलाना चाहता हूं। इस आन्दोलन का आज 14वां दिन है। संसदीय संघÂाण समिति ने रेल सम्बंधी समस्याओं को लेकर 42-सूत्री ज्ञापन रेल मंत्री जी को और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से स्वयं मिलकर 15 अप्रेल को दिया था। मेरे लोक सभा क्षेत्र से इलाहाबाद-मुम्बई रेलमार्ग निकलता है और इस मार्ग से 50 जोड़ी रेलगाडियां निकलती हैं लेकिन मेरे क्षेत्र के 20 रेलवे स्टेशन बुनियादी सुविधाओं से मोहताज हैं। गाड़ियां तो निकलती हैं लेकिन इमरजैंसी कोटा किसी में भी नहीं है जबकि सतना एवं मईहर धार्मिक एवं पर्यटन की दÂ िट से बहुत महत्वपूर्ण स्थान हैं जहां वÂाण में करोड़ों लोगों का आना-जाना होता है। फिर भी रेल मंत्रालय इसकी लगातार उपेक्षा कर रहा है। मैंने पिछली लोक सभा में और वर्तमान लोकसभा में इन समस्यांओं के निदान के लिये अपनी बातें .यहां रखी हैं परन्तु सफलता नहीं के बराबर मिली है। इसलिये मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि आन्दोलन को गम्भीरता से लेते हुये तत्काल उच्चस्तरीय वार्ता कराकर समस्याओं का समाधान करें अन्यथा मुझे 3 मई से जबलपुर एवं 6 मई से रेलवे बोर्ड के सामने सत्याग्रह पर बैठने के लिये मजबूर होना पड़ेगा।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): Madam, this Green Tribunal Bill has been carried over from the first part of the Budget session. If the hon. Speaker agrees, we can dispense with the lunch hour and finish that Bill before 3.30.

MADAM SPEAKER: Is it all right?

SOME HON. MEMBERS: Yes.